सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।

पत्रांकः प.नि. 5766/23 दिनांक 08.06.2023

अत्यावश्यक सूचना

विश्वविद्यालय के 2023 वर्षीय परीक्षा के लिए निर्धारित तिथि के अन्तर्गत परीक्षा शुल्क जमा न कर पाने तथा तदनुसार परीक्षावेदनपत्र पूरित न कर पाने के कारण चार महाविद्यालयों ने माननीय उच्च न्यायालय में परीक्षा शुल्क जमा करने व परीक्षावेदनपत्र पूरित करने की मांग सम्बन्धी योजित याचिकाओं पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 07.06.2023 के क्रम में कतिपय महाविद्यालयों ने मांग की गयी है कि उनके द्वारा भी अद्यतन परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया जा सका है।

अतः माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश तथा महाविद्यालयों द्वारा एतदर्थ की जा रही मांग पर आधिकारिक स्तर से लिये गये विधिक परामर्श के अनन्तर, छात्रहित में तत्काल प्रभाव से आज दिनांक 08.06.2023, (सांय 05:00 बजे) से दिनांक 09.06.2023 को अपराह्ण 4:00 बजे तक सभी महाविद्यालयों तथा व्यक्तिगत छात्र–छात्राओं को गेटवे के माध्यम से आनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने तथा परीक्षावेदनपत्र पूरित करने हेतु अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है।

परीक्षा नियंत्रक
सं.सं.वि.वि., वाराणसी
08/6/23

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– सचिव कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2– उप परीक्षा नियंत्रक/उप कुलसचिव (परीक्षा)।
3– आशुलिपिक, कुलसचिव।
4– प्रोग्रामर को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल प्रदर्शित कराने का कष्ट करे।
5– प्रभारी विधि प्रकोष्ट।
6– समस्त सम्बद्ध संस्कृत महाविद्यालय।
7– जनसम्पर्क कार्यालय।
8– सम्बद्ध पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक
सं.सं.वि.वि., वाराणसी
08/6/23